UPSI180001052026

# न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), महमूदाबाद-सीतापुर।

**दीवानी वाद सं०-22/2026**

**प्रेम बनाम मोनू कुमार आदि।**

| | |
|---|---|
| **वाद की प्रकृति** | **निरस्तीकरण विक्रय-पत्र एवं स्थायी निषेधाज्ञा** |
| **वाद का मूल्यांकन** | **255.90 रुपये** |
| **अधिवक्ता का नाम** | **श्री के०के० वर्मा** |
| **वाद प्रस्तुत किये जाने की तिथि** | **27.01.2026** |

---

यह वाद-पत्र वादी द्वारा वास्ते निरस्तीकरण विक्रय-पत्र एवं स्थायी निषेधाज्ञा उसके विद्वान अधिवक्ता श्री के०के० वर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुन्सरिम आख्यानुसार वाद न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत है, तद्नुसार न्यायशुल्क अदा है। अतः वाद मूलवाद के रूप में दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6ग2/दाखिल लिखित उत्तर/विरचन वादबिन्दु दिनाँक-09.03.2026 को पेश हो।

( रोहित पुरी )
सिविल जज (जू०डि०) महमूदाबाद,
सीतापुर।
J.O.Code-UP3474

**<u>निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6ग2</u>**

वादी द्वारा प्रार्थना-पत्र 6ग2 मय शपथ-पत्र 7ग2 अन्तर्गत आदेश 39 नियम 1 सिविल प्रक्रिया संहिता प्रस्तुत कर वादीय भूमि गाटा संख्या-190/2 रकबा 0.492हे० स्थित ग्राम जदवापुर, परगना व तहसील बिसवाँ, जिला सीतापुर में लगी वादी की फसल को नष्ट करने एवं वादी के शान्तिपूर्ण कब्जे व उपयोग में हस्तक्षेप करने से प्रतिवादीगण को मना किये जाने की याचना की गयी है।

वादी की ओर से अपने कथनों के समर्थन में दस्तावेजी सूची सबूत कागज संख्या-8ग1 से एक किता नकल बैनामा दिनांकित-10.09.2025 कागज संख्या-9ग1 लगायत 9ग1/9, एक किता उद्धरण खतौनी गाटा संख्या-190/2 स्थित ग्राम जदवापुर, परगना व तहसील बिसवाँ, जिला सीतापुर कागज संख्या-10ग1, एक किता खसरा नकल गाटा संख्या-190/2 स्थित ग्राम जदवापुर, परगना व तहसील बिसवाँ, जिला सीतापुर कागज संख्या-11ग1 एवं पृथक से एक किता वादीय आधार कार्ड की छायाप्रति कागज संख्या-12ग1 दाखिल पत्रावली की गयी है।

**कार्यालय की आख्यानुसार प्रस्तुत मामले में कैबिएट दाखिल नहीं है।**

अतः मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए बिना प्रतिवादीगण को सुने प्रार्थना-पत्र 6ग2 पर कोई भी आदेश पारित किया जाना न्यायोचित नहीं होगा। प्रतिवादीगण को नोटिस दिनाँक-09.03.2026 हेतु जारी हो। वादी आवश्यक पैरवी करे। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना-पत्र 6ग2/ लिखित उत्तर/विरचन वादबिन्दु दिनाँक-09.03.2026 को पेश हो।

( रोहित पुरी )
सिविल जज (जू०डि०) महमूदाबाद,
सीतापुर।
J.O.Code-UP3474

विजय मौर्य
(स्टेनो)

Digitally signed by ROHIT PURI
Date: 2026.01.27 17:09:23 IST
Reason: Document Owner
Location: Civil Judge (J.D)/J.M.
Mahmoodabad, Sitapur.